हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 7 मार्च 2026

04 मंडी, बैंक और बीमा कंपनियां निर्देशानुसार कार्य करें...



07 सर प्लीज! मुझे पास कर देना नहीं तो घरवाले...





## खबर संक्षेप

### किसान कटाई के बाद तुरंत खेतों में ही थ्रेसिंग कर रहे

**खुरई ।** खेतों में कटाई और थ्रेसिंग का काम तेजी से चल रहा है। बादल वाला मौसम होने से किसान फसल की तुरंत थ्रेसिंग कर रहे हैं। अभी मसूर, बटरी और पहली बुआई के चने की थ्रेसिंग हो रही है। मसूर की थ्रेसिंग ज्यादा है। किसानों ने बताया कि मसूर का 5 से 6 क्विंटल प्रति एकड़ का औसत आ रहा है। दाना ठीक है, अभी नमी है। सूखने पर प्रति क्विंटल 5 से 10 किलो मसूर घट जाएगी। मंडी में दाम समर्थन मूल्य के आसपास हैं। 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य है। इससे ज्यादा दाम मिलने पर किसान मंडी में ही मसूर बेचने लाएंगे। अभी हर खेत में कटी फसल, थ्रेसिंग और भूसा नजर आ रहा है। किसान भूसा भी तुरंत बेच रहे हैं।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**सागर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु शासन द्वारा किसान पंजीयन की अवधि दिनांक 07 मार्च तक निर्धारित की गई है। जिले में किसान पंजीयन के लिए सेवा सहकारी समितियों के 104 पंजीयन केंद्र तथा एमपी ऑनलाइन/कॉमन सर्विस सेंटर, कियोस्क और साइबर कैफे के 413 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। पंजीयन केंद्रों के माध्यम से आज दिनांक तक 40,718 किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। गेहूं विक्रय करने के लिए किसान पंजीयन स्वयं के मोबाइल, कंप्यूटर, ग्राम पंचायतों के सुविधा केंद्र तथा सहकारी समितियों पर निःशुल्क किया जा रहा है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र तथा साइबर कैफे पर निजी व्यक्तियों द्वारा 50 रुपए शुल्क जमा कराकर दिनांक 07 मार्च 2026 तक पंजीयन करवाया जा सकता है। सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों के केंद्रों पर किया जाएगा। अतः किसान बंधुओं से अनुरोध है कि जो किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करना चाहते हैं, वे शासन द्वारा निर्धारित तिथि 07 मार्च के पूर्व समय-सीमा में अपना पंजीयन अवश्य कराएं।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर सेमिनार 10 मार्च को

**सागर ।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत 10 मार्च को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खुरई रोड, सागर में प्रातः 11:00 बजे से एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह सेमिनार संयुक्त संचालक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, 10 औद्योगिक क्षेत्र, पोलो ग्राउंड, इंदौर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, टूलकिट प्रोत्साहन, रियायती ब्याज दर पर बिना गारंटी ऋण सुविधा, डिजिटल लेन-देन प्रोत्साहन तथा विपणन सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिले के समस्त प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों से अनुरोध है कि वे उक्त सेमिनार में उपस्थित होकर योजना के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा दी जाने वाली जानकारियों का लाभ उठाएं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना तथा उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार रहेंगे शामिल**

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां तेज, 11 मार्च को होगा ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी व रोजगार मेले का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। 11 मार्च को ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का भव्य उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी विशेष रूप से शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय एवं रोजगार मेले के उद्घाटन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, कलेक्टर संदीप



जी.आर., एसडीएम अमन मिश्रा, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी सागर जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा वरदान साबित होगी। अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सागर में ही उपलब्ध हो सकेगी। साथ प्रतिवर्ष रोजगार मेले एवं प्लेसमेंट के माध्यम से युवाओं का रोजगार के अवसर पर उपलब्ध होंगें। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रोजगार मेले का भी शुभारंभ करेंगें।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी की बात है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में इस शिक्षा के मंदिर का शुभारंभ होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथि दोपहर लगभग 12: 30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।मंत्री राजपूत ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे, जिसे देखते हुए बैठक व्यवस्था, सुरक्षा और आवागमन की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

इस अवसर पर शासकीय अधिकारियों के साथ ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आदित्य सिंह राजपूत भी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।



## बस चलाते नज़र आए पूर्वमंत्री गोपाल भार्गव स्टेयरिंग थामकर खुद की बस की सवारी

**गढ़ाकोटा।** तस्वीरों में नज़र आने वाले यह मध्यप्रदेश के सबसे सीनियर विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव हैं। जिनका फिर एक बार अलग ही अंदाज़ देखने को मिला। वह खुद ही बस को चलाते हुए नज़र आये। खुद बस का स्टेयरिंग थामा और सड़क पर निकल पड़े। विधायक गोपाल भार्गव का अब यह जुदा अंदाज़ चर्चाओं में आ गया है। दरअसल मौका था सागर के गढ़ाकोटा में नई बस के शुभारम्भ का, जो अब मरीजों के काम आएगी। जिन्हे इलाज के लिए भोपाल भेजा जाता है। एम्बुलेंस में पर्याप्त जगह होने से मरीजों और उनके परिवारों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जिस वजह से अब बस से उन्हें भोपाल भेजा जाएगा। आपको बता दें की रहली विधानसभा क्षेत्र के इलाज कारा रहे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर रविवार को उन्हें एम्बुलेंस के जरिये भोपाल भेजा जाता है। मरीजों की संख्या के हिसाब से करीब छह गाड़ियां भेजना पड़ती हैं। जिससे कई बार मरीजों और उनके परिजनों की संख्या ज्यादा हो जाने के कारण गाड़ियां कम पड़ जाती थी और सभी को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए एक 32 सीटर एयर कंडीशंड स्काई (मिनी बस) खरीदी गई है। जिसकी पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव और उनके पुत्र अभिषेक भार्गव द्वारा निज निवास गणनायक से बस स्टैंड तक सवारी की और चलाया भी। अब क्षेत्र के मरीजों और उनके परिजनों को भोपाल तक सुरक्षित, सुगम और पूरी सुविधा के साथ एम्बुलेंस और बस दोनों माध्यमों से भेजा जाएगा। ताकि उन्हें इलाज के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

## मामले की निष्पक्ष जांच और जांच अधिकारी बदलने पुलिस अधीक्षक को सौंपा आवेदन

**सागर।** मकरोनिया निवासी मनी सिंग गुरोन लंबे समय से एक मामले में निष्पक्ष जांच और जांच अधिकारी बदलने को लेकर पुलिस विभाग के आला अधिकारियों से गुहार लगे चुके है ।हाल ही में उन्होंने सागर पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन के माध्यम से मकरोनिया थाना में पदस्थ सब इंस्पेक्टर राजेश शर्मा को उनके मामले से हटाकर किसी अन्य पुलिस अधिकारी को जांच सौंपने की गुहार लगाई है। दअरसल एक मामले में मनी सिंग द्वारा सोहेल खान नाम के व्यक्ति के खिलाफ मकरोनिया थाना में शिकायती आवेदन दिया गया था,जिसकी जांच राजेश शर्मा कर रहे है ।काफी वक्त बीतने के बाद भी मामले में कोई न्यायपूर्ण या संतोष जनक स्थिति सामने नहीं आई है,जो जांच अधिकारी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। इसके अलावा इस लापरवाह रवैए की शिकायत पुलिस महानिरीक्षक से लेकर मानवाधिकार आयोग तक पत्राचार के माध्यम से की जा चुकी है, जांच अधिकारी के मन में आवेदक के प्रति नकारात्मक धारणा और पक्षपात पूर्ण रवैए से आहत होकर मनी सिंग ने सागर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का रुख करते हुए,पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है,अब देखना होगा,की इस मामले में पुलिस महकमे के जिले के मुखिया क्या कदम उठाते है।



## पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की पुण्य तिथि पर सेवादल परिवार ने किया नमन

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस सेवादल द्वारा तीनबत्ती पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान सेवादल परिवार जनों ने पूर्व सीएम को याद कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान शहर सेवादल अध्यक्ष ने कहा कि अर्जुन सिंह एक उच्च प्रशासक, कुशल रणनीतिकार और सफल कूटनीतिज्ञ थे। जिन्होंने अपनी बौद्धिक कुशलता से पंजाब के आतंकवाद को समाप्त करने में अहम भूमिका अदा की और राजीव-लोंगोवाल समझौता कराया। कार्यक्रम में मकबूल अली, लल्ला यादव, भरत साहनी, संजय सहारा, अंबर मिश्रा, परख शुक्ला, अंकुर यादव, रवि जैन, तरूण सैनी, राहुल जैन, अमित पटेल, लकी पंडा, दीपक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## शव सड़क पर रखकर चक्काजाम: खेत में मवेशी घुसने पर कुल्हाड़ी से गर्दन काटी थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई देहात थाना क्षेत्र में बुधवार को विवाद के बाद किसान की हत्या कर दी गई। विवाद खैजरा इज्जत गांव में खेत में मवेशी घुसने को लेकर हुआ था। पांच लोगों ने किसान की कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार को नेशनल हाईवे बीना-सागर रोड पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब तीन घंटे बाद आरोपियों पर कार्रवाई के आश्वासन मामला शांत हुआ।मृतक की पहचान भगवान दास यादव के रूप में हुई है। उनकी बहू देवी यादव ने बताया कि बुधवार को उनके ससुर का जयराम यादव, केदार यादव, करतार यादव, नीरज यादव और केदारनाथ से खेत में मवेशी घुसने को लेकर विवाद हुआ था।



### गर्दन पर कुल्हाड़ी लगने से मौत हो गई

विवाद के बाद भगवान दास मवेशी चराने निकल गए। आरोप है कि पांचों आरोपी हत्या की नीयत से उनके पीछे गए और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गर्दन पर कुल्हाड़ी लगने से भगवान दास की मौके पर ही मौत हो गई।

### पांचों आरोपियों को फांसी पर चढ़ाने की मांग की

परिजनों और ग्रामीणों की मुख्य मांगों में पांचों आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी. उन्हें फांसी की सजा दिलाना. उनके मकानों को गिराना और रेलवे में कार्यरत आरोपी करतार यादव को नौकरी से बर्खास्त करना शामिल है। सूचना पर किसान नेता इंदर सिंह पहुंचे। उन्होंने भी नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने लिखित आश्वासन दे दिया है। इसमें बताया गया कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी ने सरकारी जमीन पर कब्जा किए होंगे, तो बुलडोजर चलाया जाएगा। रेलवे में नौकरी करने वाले आरोपी के खिलाफ बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन मिलने के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।



## अल्प प्रवास पर सागर पहुंचे जबलपुर सांसद, पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**सागर।** जबलपुर सांसद आशीष दुबे,कटनी जिला अध्यक्ष दीपक टंडन, मैहर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने शुक्रवार को अल्प प्रवास पर सागर पहुंचे। सागर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद आशीष दुबे एवं जिला अध्यक्ष द्वय ने उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भेंट कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की तथा हाल ही में नियुक्त सभी जिला पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद दुबे ने पदाधिकारियों से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम और समर्पण से लगातार आगे बढ़ रही है। संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मिलकर बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों और विचारों को पहुंचाने का कार्य करना चाहिए।

## निगम द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु सख्ती से कार्रवाई प्रारंभ तारण तरण चैत्यालय एवं देव राधा-माधव गेंडा जी ट्रस्ट के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र के बड़े बकायादारों द्वारा संपत्तिकर, जलकर, दुकानों का किराया एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की बकाया राशि जमा न करने पर सख्ती से कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। शुक्रवार को राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने राजस्व टीम के साथ शहर के दो बड़े बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए श्री जैन मंदिर ट्रस्ट कोठा तारण तरण चैत्यालय, जवाहरगंज एवं देव राधा-माधव गेंडा जी ट्रस्ट द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद संपत्तिकर की राशि जमा न करने पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 175 के अंतर्गत कुर्की की कार्रवाई की। राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने बताया कि श्री जैन मंदिर ट्रस्ट कोठा तारण तरण चैत्यालय, जवाहरगंज वार्ड से संपत्तिकर की 15 लाख 56 हजार 944 रुपए तथा देव राधा-माधव गेंडा जी ट्रस्ट से 18 लाख 97 हजार 174 रुपए की बकाया राशि लंबे समय से जमा नहीं की जा रही थी, जिस पर कुर्की की कार्रवाई की गई है। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि बकाया राशि की वसूली के लिए प्रतिदिन सख्ती से कार्रवाई करें तथा इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व संपत्तिकर सहित अन्य करों की बकाया राशि का भुगतान कर नगर निगम को सहयोग प्रदान करें। शासन के निर्देशानुसार 31 मार्च के बाद संपत्तिकर की राशि दोगुनी जमा करनी होगी, इसलिए समय रहते करों का भुगतान करें।





## ग्राम पंचायत छुल्ला में शराबबंदी को लेकर सर्वसम्मति बैठक, थाना में सौंपा ज्ञापन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत छुल्ला में शराबबंदी को लेकर ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव के बुजुर्गों, युवाओं एवं महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव में बढ़ती शराबखोरी की समस्या पर चर्चा करना और इसके समाधान के लिए सामूहिक निर्णय लेना था। बैठक के दौरान सभी ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से गांव में शराबबंदी लागू करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों का कहना था कि शराब के कारण गांव में पारिवारिक विवाद,आर्थिक परेशानियां और सामाजिक समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे गांव का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के विकास और सामाजिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए शराबबंदी बेहद जरूरी है। बैठक के बाद ग्राम पंचायत छुल्ला के प्रतिनिधि एवं ग्रामीण एकजुट होकर गढ़ाकोटा थाना पहुंचे,जहां उन्होंने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर गांव में शराबबंदी लागू कराने तथा अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया कि गांव और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाए।ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि यदि प्रशासन का सहयोग मिला तो वे अपने गांव को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर महेश पटेल, अशोक जैन, अशोक वीर, सरपंच राघवेंद्र आठया, जगन वीर, अशोक चौधरी, अभिषेक पटेल, अनंतराम वीर, रवि वेतिया, द्वारका प्रसाद मुकदम, द्वारका चौधरी एवं रामसेवक लंबरदार सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक पर पत्थर से हमला: घायल अस्पताल में भर्ती, आरोपी पर मामला दर्ज

**खुरई।** खिमलासा थाना क्षेत्र के पथरिया जेगन गांव में बुधवार रात पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर पत्थर से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक विजय अहिरवार (38) को प्राथमिक इलाज के बाद सागर रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी गोलू अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार, पथरिया जेगन निवासी विजय अहिरवार रात अपने घर से दुकान पर कुछ सामान लेने गए थे। सामान लेकर लौटते समय रास्ते में उन्हें गोलू अहिरवार मिला। गोलू ने पुरानी रंजिश को लेकर विजय के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब विजय ने गाली देने से मना किया, तो गोलू ने उस पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल विजय को तत्काल खुरई सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही खिमलासा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान के आधार पर आरोपी गोलू अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज किया।

**बीएमसी सागर में कैंसर मरीजों को बड़ी सौगात**

# अत्याधुनिक 'ओंको-सर्जरी वार्ड' का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में आज एक नया मील का पत्थर स्थापित किया गया। बीएमसी के सर्जरी विभाग में कैंसर पीड़ितों के सुगम इलाज हेतु विशेष 'ओंको-सर्जरी वार्ड' का विधिवत उद्घाटन किया गया।

वार्ड का शुभारंभ बीएमसी के अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर के कर-कमलों द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीएमसी में कैंसर के ऑपरेशन कराने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस समर्पित वार्ड के बन जाने से अब कैंसर के गंभीर मरीजों को सर्जरी से पहले और बाद में एक ही छत के नीचे विशेष देखभाल मिल सकेगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से अधीक्षक डॉ राजेश जैन, सर्जरी



विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. सुनील सक्सेना, डॉ. अखिलेश रत्नाकर, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. जितेन्द्र डांगी उपस्थित रहे। इन सभी चिकित्सा विशेषज्ञों ने इस पहल को कैंसर के विरुद्ध जंग में एक बड़ा कदम बताया।

### मरीजों को मिलेंगे ये लाभ

निःशुल्क उपचार-गरीब और जरूरतमंद मरीजों को अब कैंसर जैसी घातक बीमारी का महंगा इलाज और सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क और बेहतर गुणवत्ता के साथ मिल सकेगी।

फोकस्ड केयर - सामान्य वार्ड से अलग होने के कारण संक्रमण का खतरा कम होगा और कैंसर मरीजों पर विशेष ध्यान दिया जा सकेगा।

बेहतर सुविधाएं - इस वार्ड को कैंसर सर्जरी की आधुनिक जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है।

मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि इस नई सुविधा के शुरू होने से अब सागर एवं आसपास के जिलों के कैंसर मरीजों को इलाज के लिए महानगरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा। बीएमसी प्रबंधन की इस पहल की क्षेत्र के नागरिकों ने सराहना की है।

**खबर संक्षेप**

### 6 दिन से लापता रामेश्वर के लिए परिजन परेशान

**ललितपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र से एक विचलित करने वाली खबर सामने आ रही है, जहां एक दिव्यांग किशोर पिछले 6 दिनों से लापता है। मदनपुर के ग्राम उल्दना खुर्द में एक परिवार पिछले 6 दिनों से गहरी मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है। 16 वर्षीय रामेश्वर, जो मूक-बधिर (बोल और सुन नहीं सकता) है, 27 फरवरी को बिना बताए घर से कहीं चला गया। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन रामेश्वर का कहीं कोई पता नहीं चला। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, परिवार की चिंता और असुरक्षा बढ़ती जा रही है क्योंकि किशोर अपनी बात किसी से कह पाने में असमर्थ है। 16 वर्षीय किशोर रामेश्वर के लापता होने के मामले में मदनपुर पुलिस ने पिता काशीराम कुशवाहा की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।

### सुम्मेरा तालाब में डूबने से युवक की मौत

**ललितपुर।** होली के उल्लास के बीच एक घटना सामने आई है। यहां तालाब में डूबने से एक इकलौते बेटे की जान चली गई, जिससे त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गईं। होली के दिन जहां हर घर में रंग और पकवानों की महक थी, वहीं कोतवाली सदर के नझाई बाजार निवासी संतोष सिंघई के घर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उनका 18 वर्षीय पुत्र शुभम, जो परिवार का इकलौता बेटा था, दोस्तों के साथ होली खेलने निकला था, लेकिन वह कभी वापस नहीं लौटा। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित करते ही परिजनों की चीखों से पूरा माहौल गमगीन हो गया। बुधवार दोपहर को जब पूरा शहर रंगों में सराबोर था, शुभम अपने दोस्तों के साथ तालाबपुरा स्थित सुम्मेरा तालाब पर गया था। होली खेलते समय शुभम अनियंत्रित होकर गहरे तालाब में गिर गया। साथ मौजूद दोस्तों ने तुरंत उसे बचाने की कोशिश की और तालाब से बाहर निकालकर तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### दुकान पर हमला दो युवक घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कालापहाड़ राजघाट में बुधवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब दबंगों ने दुकान पर बैठे युवकों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कालापहाड़ निवासी रामनाथ सिंह यादव ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे उनके पुत्र राजा भैया और नरेंद्र दुकान पर बैठे थे। तभी गांव के ही उमाशंकर सेन और उसका साथी कल्लू सेन पुत्र हीरालाल वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित पक्ष ने विरोध किया तो आरोपियों ने कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### मारपीट को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम मथुराडांग में आपसी विवाद ने तूल पकड़ लिया। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए हैं, जिससे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस के अनुसार, पहले पक्ष की ओर से नेपाल सिंह पुत्र घनश्याम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 मार्च 2026 को करीब 2.30 बजे गांव के ही बृजकिशोर, बब्लू और समरथ ने उसके भतीजे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष से बृजकिशोर पुत्र आचाराम लोधी ने भी थाना बार में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसी दिन दोपहर करीब 2 बजे गांव के लवेंद्र पुत्र पर्वत यादव ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और पत्थरों से मारपीट की।

## किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने बैठक ली

# मंडी, बैंक और बीमा कंपनियां निर्देशानुसार कार्य करें: डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने किसानों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु कलैक्ट्रेट सभागार में कृषक संगठनों व सम्बंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों व बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी स्तर पर  किसानों का उत्पीडऩ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे मण्डी हो, बैंक हो या बीमा कम्पनी, किसानों के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, यदि इसमें कहीं से भी लापरवाही या अनावश्यक विलम्ब की शिकायत आती है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पॉलिसी डाउनलोड करने का डेमो दिखाया गया, जिसके लिए किसानों को अपने मोबाइल पर गूगल ब्राउजर पर जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करके लॉगइन करना होगा, फिर इसके बाद पॉलिसी ऑप्शन सिलेक्ट करके डाउनलोड फाइल पर क्लिक करके पॉलिसी डाउनलोड करनी होगी। मौके पर कई किसानों ने अपने मोबाइल पर पॉलिसी डाउनलोड करके दिखायी। जिलाधिकारी ने ईडीएम को निर्देश दिये कि सभी कॉमन सर्विस सेन्टरों पर इस प्रक्रिया को भिजवाकर उन्हें निर्देशित करें कि किसानों को पॉलिसी डाउनलोड करके उपलब्ध करा दें। इसके उपरान्त कृषकों द्वारा जिलाधिकारी को अपनी-अपनी समस्याएं बतायी गईं, जिसमें मण्डियों में किसानों की उपज का गड्ढायुक्त सड़कों पर तौल कराना व उपज की निचली परत की तौल न करना, व्यापारियों द्वारा मनमाने दाम चलाना और किसानों को नगद भुगतान न देकर उनके परिचितों की दुकानों के नाम पर्ची बनाने जैसी समस्याएं बतायी गईं। इस पर जिलाधिकारी ने एडीएम वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिये कि मण्डी अधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक कर किसानों का नगद भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करायें, साथ ही यह भी आदेश जारी करें कि किसानों द्वारा लायी गई उपज का एक-एक दाना तौलकर निर्धारित मूल्य पर ही क्रय किया जाएगा, चाहे वह मात्रा कितनी भी हो। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों से यह भी अपील की कि वे कृषि कार्यों में कॉपर की प्लेटिंग वाला सफेद तार या घटिया क्वालिटी के विद्युत तारों का प्रयोग न करें, क्योंकि विद्युत से हुई दुर्घटनाओं में इन्हीं कारणों से किसानों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना का लाभ नहीं मिल पाता है, इसलिए अपनी सुरक्षा के लिए अच्छी क्वालिटी का विद्युत तार इस्तेमाल करें। बैठक में सीडीओ शेषनाथ चौहान, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एलडीएम रंजीत कुमार, एडीएफओ, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, एआर कॉपरेटिव, मंडी सचिव सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जनपद के 36 केंद्रों पर 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद होगी

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के समस्त सम्मानित कृषक बंधुओं से अपील की है कि मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में 17 मार्च से 15 जून तक गेहूँ खरीद की जाएगी। गेहूँ का समर्थन मूल्य रू0-2585 निर्धारित किया गया है, जिसके लिए जनपद में 04 क्रय एजेन्सियां के 36 क्रय केन्द्र अनुमोदित हैं। गेहँ क्रय ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा, जिसके लिए कृषकों को अपना पंजीकरण खाद्य एवं रसद विभाग की बेवसाईट **fcs.up.gov.in** कराना होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि यदि कोई समर्थन मूल्य से कम पर किसानों की उपज खरीदता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि गेहूँ खरीद हेतु निर्धारित 36 क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के 8 गेहूँ क्रय केन्द्र (विपणन शाखा रोड़ा, क्रय केन्द्र बिरधा उपमण्डी, क्रय केन्द्र महरौनी मण्डी, क्रय केन्द्र अमरपुर मण्डी, क्रय केन्द्र तालबेहट उपमण्डी, क्रय केन्द्र नवीन गल्ला मण्डी ललितपुर, क्रय केन्द्र बानपुर उपमण्डी, क्रय केन्द्र मड़ावरा उपमण्डी), पी0सी0एफ0 के 16 क्रय केन्द्र (क्रय केन्द्र अमरपुर मण्डी, क्रय केन्द्र बी-पैक्स धौरीसागर, क्रय केन्द्र जाखलौन उपमण्डी, क्रय केन्द्र बी-पैक्स जखौरा, क्रय केन्द्र बी पैक्स कैलगुवां, क्रय केन्द्र मड़ावरा उपमण्डी, क्रय केन्द्र बी-पैक्स पिपरई, क्रय केन्द्र पूराकलां उपमण्डी, क्रय केन्द्र रोड़ा एट अमरपुर मण्डी, .क्रय केन्द्र बरौदा उपमण्डी, .क्रय केन्द्र बी-पैक्स सुनौरा, .क्रय केन्द्र बी-पैक्स तालबेहट, बी-पैक्स ननौरा, क्रय केन्द्र बी-पैक्स दैलवारा, क्रय केन्द्र सौजना उपमण्डी, क्रय केन्द्र बी-पैक्स लागौन), नैफेड के 06 गेहूँ क्रय केन्द्र (क्रय केन्द्र ललितपुर मण्डी, क्रय केन्द्र थनवारा मण्डी, क्रय केन्द्र पंचौरा, क्रय केन्द्र अरा, क्रय केन्द्र ग्राम पठा, क्रय केन्द्र ग्राम गदयाना), भारतीय खाद्य निगम के 06 क्रय केन्द्र (क्रय केन्द्र अमरपुर मण्डी, क्रय केन्द्र महरौनी, नवीन गल्ला मण्डी ललितपुर, क्रय केन्द्र पी0ई0जी0 बुढ़वार, क्रय केन्द्र मड़ावरा उपमण्डी क्रय केन्द्र जखौरा उपमण्डी सम्मिलित हैं, जिन पर 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं खरीद की जाएगी।

## स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण

# कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 9 से 23 मार्च तक चलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

सीएमओ कार्यालय सभागार में आगामी कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के दृष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 9 मार्च से 23 मार्च तक चलने वाले अभियान की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने अभियान के सफल संचालन के लिए माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान करें और उन्हें शीघ्र उपचार उपलब्ध कराया जाए। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डा.प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि यह अभियान कुष्ठ रोग के सक्रिय मामलों की जल्द पहचान करने, समय पर इलाज शुरू करने और संक्रमण की श्रृंखला को तोडऩे के उद्देश्य से चलाया जाता है। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पल्स पोलियो की तर्ज पर घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों की जांच की जाएगी, जिससे वर्ष 2027 तक कुष्ठ मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति कुष्ठ रोग से संक्रमित पाया जाता है तो उसे बहु औषधि चिकित्सा (एमडीटी) के माध्यम से निःशुल्क उपचार प्रदान किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विकलांगता को रोकना, समाज में जागरूकता बढ़ाना और कुष्ठ रोग के प्रसार को शून्य स्तर तक लाना है। साथ ही चिन्हित मरीजों को स्व-देखभाल किट, सहायक उपकरण और आवश्यक होने पर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला कुष्ठ अधिकारी डा.सौरभ सक्सेना ने कुष्ठ रोग के लक्षण, पहचान और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न ब्लॉकों से आए चिकित्सक, बीपीएम, बीसीपीएम, कुष्ठ कार्य से जुड़े कर्मचारी, एनएमए बालकिशन सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेमवि में 11 मार्च को रोजगार मेला लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर आने वाला है। 11 मार्च 2026 को नेहरू महाविद्यालय में सुबह 10 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस मेले में देश और प्रदेश की लगभग 40 प्रतिष्ठित कंपनियों के शामिल होने की संभावना है, जो विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा तथा बीटेक सहित तकनीकी और गैर-तकनीकी योग्यताओं वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए पहले रोजगार संगम पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में अपना पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थियों को इच्छित कंपनी में ऑनलाइन आवेदन भी करना अनिवार्य होगा। जिला सेवायोजन कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि उनके माध्यम से आयोजित रोजगार मेलों में कंपनियों की चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क होती है। किसी भी अभ्यर्थी से नौकरी दिलाने के नाम पर किसी प्रकार का शुल्क या सिक्योरिटी डिपॉजिट नहीं लिया जाता है। यदि किसी अभ्यर्थी से फर्जी ई-मेल, एसएमएस या फोन कॉल के माध्यम से पैसे की मांग की जाती है तो उस पर विश्वास न करें और न ही ऑनलाइन या ऑफलाइन कोई राशि जमा करें। ऐसी किसी भी संदिग्ध स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर से संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार मेले में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

## न झुके हैं न झुकेंगे, वापसी पर ऋतिक की ट्रेड डील के खिलाफ हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ऋतिक शुक्ला मोंटी को दिल्ली ए.आई. समिट मामले में बड़ी राहत मिली है। इस घटनाक्रम को अलग-अलग दृष्टिकोण से यहां प्रस्तुत किया गया है। दिल्ली पुलिस की 9 दिन की पूछताछ और हिरासत के बाद ऋतिक शुक्ला उर्फ मोंटीललितपुर लौटे।

रेलवे स्टेशन पर समर्थकों के हुजूम ने उनका जोरदार स्वागत किया। घर वापसी के साथ ही मोंटी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका-भारत ट्रेड डील भारत विरोधी है और युवा कांग्रेस इस समझौते के रद्द होने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी। ललितपुर पहुँचते ही युवा नेता ऋतिक शुक्ला ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा की गई ट्रेड डील देश के युवाओं और किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह भारत के युवाओं और किसानों का भविष्य किसी विदेशी ताकत (अमेरिका) के नियंत्रण में नहीं जाने देंगे। उनके अनुसार, सरकार चाहे जितने भी मुकदमे दर्ज कर ले, वह प्रताडऩा से डरकर पीछे नहीं हटेंगे। ऋतिक शुक्ला के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में समर्थक स्टेशन पहुँचे। इस दौरान यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, रामप्रताप, रोमन खान, साहिल अली, गोलू मालिक, दानिश खान, शुभम शुक्ला, शाकिब अली और अयान खान जैसे कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। 20 फरवरी को हिरासत में लिए जाने के बाद से ही समर्थकों में रोष था, जो अब जीत के उत्साह में बदल गया है।

## दहेज को लेकर बहू से मारपीट, 4 पर मुकदमा

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम करमू में दहेज उत्पीडऩ का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित चार ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम करमू निवासी नेहा नायक ने शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2019 में उनकी शादी गौरव नायक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उन्हें लगातार प्रताड़ित करता रहा और ताने देता था। पीड़िता का आरोप है कि 1 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे पति गौरव नायक, सास सीमा नायक, देवर सौरभ नायक और ससुर जगदीश नायक ने मिलकर उनके साथ मारपीट की, लात-घूंसों और डंडों से पीटा तथा उनके जेवरात छीन लिए। इसके बाद उन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने बताया कि उसने 1090 पर कॉल कर मदद मांगी और बाद में पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। मेडिकल परीक्षण के बाद थाना बार में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### डेढ़ लाख मांगने पर युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम इमलिया में पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम इमलिया निवासी मनसुख पुत्र आनंदी अहिरवार ने थाना बार में दी गई तहरीर में बताया कि उसने गांव के ही सोनू पाठक और सुजीत पाठक को भूमि पट्टे के लिए लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये दिए थे। काफी समय बीतने के बाद जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसा देने से इनकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि 4 मार्च की सुबह करीब 7.30 बजे वह गांव में स्थित रामजानकी मंदिर के पास पहुंचा और आरोपियों से पैसे की मांग की। इसी बात पर सोनू पाठक, सुजीत पाठक, अमित पाठक, विवेक पाठक और ललित पाठक ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

## 7 दिवसीय भर्ती कैंप 10 मार्च से

**ललितपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन तथा जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से नीमच की एक कम्पनी द्वारा जनपद के ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु 7 दिवसीय भर्ती कैपों का आयोजन 10 से 18 मार्च 2026 तक किया जा रहा है, जिसके तहत 10 मार्च को विकास खण्ड मडावरा मे, 12 मार्च को विकास खण्ड महरौनी मे, 13 मार्च को विकास खण्ड बार मे, 14 मार्च को विकास खण्ड बिरधा मे, 16 मार्च को विकास खण्ड जखौरा मे, 17 मार्च को विकास खण्ड तालबेहट मे तथा 18 मार्च को जनपद ललितपुर में सुबह 10:30 बजे से शाम 3:00 बजे तक भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में चयनित युवाओं को नीमच में 01 माह के प्रशिक्षण उपरान्त विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी दी जायेगी। इच्छुक उम्मीदवार जिनकी योग्यता 10वीं पास या फेल, उम्र 19 से 40 वर्ष, ऊँचाई 168 से.मी. से ऊपर, वजन 50 किलो से 90 किलो के बीच हो, वे उक्त स्थानो में 10वीं की अंकसूची की फोटो कापी, दो फोटो, आधारकार्ड एवं चयनित उम्मीदवार प्रोस्पेक्ट फार्म फीस 350/- रूपये ऑनलाईन क्यू आर कोड से जमा होगी।

## घर के बाहर युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**ललितपुर।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में घर के बाहर काम कर रहे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नेहरू नगर निवासी प्रज्ज्वल साहू पुत्र संतोष कुमार साहू ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 5 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे वह अपने घर के बाहर काम कर रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही नब्बू, रूपव और धर्मेन्द्र पुत्रगण रामलखन एकराय होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे प्रज्ज्वल साहू को चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे वह भयभीत है। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नशे में घर में घुसकर हमला पति-पत्नी व बहू घायल

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्र के ग्राम निवउवा में शराब के नशे में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम निवउवा निवासी दयाली पुत्र लटोरे अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर पर थे। तभी गांव बरौदा विजलौन (थाना जालौन) निवासी देवेंद्र पुत्र लटोरे अहिरवार शराब पीकर उनके घर के पास आया और गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी कुछ देर बाद वापस लौटा और डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में दयाली, उनकी पत्नी फुला देवी और बहू सुनीता घायल हो गईं। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। थाना पाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मुख्यमंत्री कार्यक्रम का आयोजन

# बायोमैट्रिक हाजिरी के बाद जयमाला होगी, 12 को सामूहिक विवाह

**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 12 मार्च 2026 को गिन्नौट बाग परिसर, सदनशाह के पास में होना तय हुआ है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब बायोमैट्रिक हाजिरी के बाद ही वर-बधू एक दूसरे को जयमाला पहनाएंगे। योजनान्तर्गत सत्यापन उपरान्त पात्र जोडों को प्रथम आवक, प्रथम पावक सिद्धान्त के आधार पर विकास खण्ड एवं नगर निकायों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। जयमाला से पहले बायोमैट्रिक हाजिरी और फेस आई.डी. के जरिए सत्यापन अनिवार्य रुप से किया जाएगा। जिसके लिये वर वधू की दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो (जो ऑनलाइन आवेदन में संलग्न की गयी है) एवं ओरिजनल अपडेटिड आधार कार्ड मिलान हेतु कार्यक्रम स्थल पर लाना अनिवार्य है।

## बुंदेलखड विकास सेना का 35वां होली मिलन समारोह धूमधाम से मना

# राघव लोककला सोसाइटी, हास्य कलाकार की प्रस्तुतियों ने समां बांधा

- घंटो फाग, गुलाल, डांस और मस्ती का दौर चला, संगीत की धुन पर थिरके लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर





बुंदेलखंड विकास सेना तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय संस्कृति भाईचारा , उत्साह उमंग और बुन्देली लोक संस्कृति को संजोने वाला 35 वां रंगारंग कार्यक्रम स्थानीय कम्पनी बाग में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन ने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए बु. वि. सेना के इस पारम्परिक कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशन्सा की । सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि बु. वि. सेना द्वारा अनेक वर्षों से आयोजित करने वाले ऐसे कार्यक्रम हमारी बुन्देली संस्कृति को प्रोत्साहित करते रहते है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन ने कहा कि ललितपुर में बु.वि. सेना का मनाया जाने वाला आयोजन पूरे बुन्देलखण्ड में अभूतपूर्व है । उन्होंने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोगों में प्रेम और सद्भाव बढ़ाते हैं । उक्त अवसर पर लोक संस्कृति से ओत-प्रोत राघव ज्ञलोक कला सोसाइटी नृत्य मंडली ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया । इसके अलावा सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार विक्की मंचला ने अपने डांस प्रस्तुतियों से लोगों को हंसा हंसाकर लोटपोट कर दिया। इस मौके पर फ्रेन्ड्स ऑकेस्टा के कलाकारों में अभिमन्यु तोमर, संदेश परिहार, अरमान कुरैशी तथा बांसुरी वादक प्रमोद मुड़ेले ने सुमधुर, मस्ती और तरंग के गीतों के माध्यम से जमकर तालियां बटोरी । इस दौरान बुन्देली फाग , अबीर , गुलाल , डांस मस्ती के माध्यम लोगों ने थिरकते हुए जमकर लुत्फ उठाया। तत्पश्चात बुन्देली पारम्परिक पकवान और लजीज भोजन ने लोगों को चटखारे लेने मजबूर कर दिया। इस दौरान लकी ड्रा के माध्यम से जनता को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर शहर गणमान्य नागरिकों में भाजपा पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, जगदीश लोधी,शशि राजा, अनिल अंचल, मनमोहन जड़िया, राजेश यादव, शरद खैरा, विलास पटैरिया, उदित रावत, प्रदीप गुप्ता, संतोष चौबे, विजयकुमार पाली, वी के सरदार, डॉ रामगोपाल साहू, महेन्द्र अग्निहोत्री, सिद्धार्थ शर्मा, डॉ आलोक जैन सिद्धि, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, सुधेश नायक, राजीव पटवारी, डॉ सौरभ देवलिया, डॉ सौरभ साहू, सन्मति सर्राफ ,डॉ राजेन्द्र श्रीवास्तव, इंजी हाकिम सिंह , डॉ एस पी पाठक, डॉ मनवीर सिंह तोमर, डॉ आकाश खैरा, अजय श्रीवास्तव , अनुराग अमर, अमर विश्वकर्मा घुटारी, अमान साहू, नरेन्द्र कडंकी, रमेश पाठक रवींद्र, अमित सोनी पत्रकार, सुनील शर्मा पत्रकार, बृज बिहारी उपाध्यायओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे  कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन संज्ञा ने किया तथा आभार बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने व्यक्त किया । सदर विधायक राम रतन कुशवाहा ने बुंदेलखंड विकास सेवा की कार्यक्रमों की दो तारीख की मगर अलग बुंदेलखंड प्रांत पर किसी भी तरह की चर्चा से दूर रहे उन्होंने बुंदेलखंड विकास सेवा के प्रमुख हरीश कपूर टीटू की व्यक्तिगत तारीफ की।

### बोर्ड की कई कॉपियों में उत्तर की जगह लिखी मिल रही भावनात्मक अपीलें

# सर प्लीज! मुझे पास कर देना नहीं तो घरवाले पढाई बंद करा देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य यहां श्योपुर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में कडे सुरक्षा प्रबंधों के बीच चल रहा है। मूल्यांकन कार्य में लगे परीक्षकों को सही से प्रश्न के उत्तर पढ़कर उचित नंबर देने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे किसी के साथ अन्याय न हो। मूल्यांकन के दौरान परीक्षकों को जहां एक ओर सटीक और सुंदर उत्तर लिखी कॉपियां जांचने को मिल रही हैं, तो वहीं दूसरी ओर कुछ विद्यार्थी पास होने का जुगाड़ लगाते भी दिख रहे हैं और पास होने के लिए कई तरह की भावनात्मक अपीले कॉपियों में लिखकर छोड रहे है।

इसी दौरान एक उत्तर पुस्तिका में विद्यार्थी ने पास होने के लिए भावनात्मक अपील की है। उसने कॉपी में लिखा है कि सर, नमस्ते, मुझे अच्छे नम्बरों से पास करना, अगर सर मैं अच्छे नंबरों से पास नहीं हो पाया, तो मेरे घरवाले मेरी पढाई बंद करा देंगे। वहीं, एक अन्य दूसरे विद्यार्थी ने लिखा कि सर हम बहुत गरीब है। हमारी स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि हम घर पर कोचिंग कर सके है। जैसे तैसे करके पढाई कर रहे है,इसलिए प्लीज सर मुझे पास कर देना आपकी मुझ पर अतिकृपा होगी। कुछ इस तरह से भावनात्मक अपील लिखकर विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के सपने देख रहे हैं।




### मूल्यांकन का तीसरा चरण 11 से तो चौथा चरण 23 से

इस बार कक्षा 10वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन चार चरणो में सम्पन्न होगा। फिलहाल श्योपुर में दूसरे चरण के मूल्यांकन के तहत चैक होने के लिए उतपुस्तिकाएं पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि मूल्यांकन का तीसरा चरण 11 मार्च और चौथा चरण का मूल्यांकन 23 मार्च से शुरू होगा। तीसरे चरण के मूल्यांकन के तहत चैक होने वाली कॉपियां 10 मार्च तक श्योपुर पहुंच जाएगी। जबकि चौथे चरण के मूल्यांकन की कॉपियां 20 मार्च तक श्योपुर आ जाएगी।

### फिलहाल मूल्यांकन धीमा,चैक हो पाई सिर्फ 20 प्रतिशत कॉपियां

शासकीय उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर में चल रहा मूल्यांकन का कार्य फिलहाल बहुत धीमा चल रहा है। स्थित यह है कि अभी तक सिर्फ 20 प्रतिशत के आसपास ही उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो पाया है।इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि फिलहाल बोर्ड परीक्षा के अलावा अन्य कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं भी चल रही है। जिनमें मूल्यांकन में लगने वाले शिक्षकों की भी ड्यूटी लगी हुई है। इसलिए वे मूल्यांकन केन्द्र पर उत्तरपुस्तिकाओं की कॉपी को चैक करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पा रहे है। जानकारी के अनुसार 6 मार्च तक श्योपुर में कक्षा 10 वीं की तीन विषयों की 11 हजार 520 कॉपियां चैक होने के लिए पहुंची है। जिनमें अंग्रेजी, आईटी और व्यूटी विषय की कॉपियां शामिल है। इन कॉपियों को चैक करने के लिए 22 शिक्षक ही पहुंच रहे है। जिसके चलते अभी तक कक्षा 10 वीं की सिर्फ 838 कॉपियां ही चैक हो पाई है। इसी तरह कक्षा 12 वीं की सात विषयों की 20 हजार 6 कॉपियां चैक होने के लिए श्योपुर आई है। जिनमें अंग्रेजी, भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, रसायन शास्त्र, इतिहास,संस्कृत, व्यवसायिक अध्ययन आदि विषय शामिल है। फिलहाल 40 ही शिक्षक ही मूल्यांकन कर रहे है। जिसकारण अभी तक 5 हजार 314 कॉपियां ही चैक हो पाई है।

#### इनका कहना

माशिमं के निर्देशों के अनुसार मूल्यांकन कार्य यहां संपादित किया जा रहा है। मूल्यांकन समय सीमा में पूर्ण हो जाएगा।

**सीताराम आदिवासी**
**प्रभारी मूल्यांकन केन्द्र उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर**

### रमजान के तीसरे जुमे पर उमड़ी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़

# कहीं मैदान में टेंट लगाकर तो कहीं मस्जिद की छत पर पढ़ी गई नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रमजान शुरू होते ही मस्जिदों में भी नमाजियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई हैं। शुक्रवार को रमजान के तीसरे जुमा पर नमाजियों की भारी भीड़ मस्जिदों में ऐसी उमड़ी की मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए जगह कम पड़ गई। जिसके चलते मस्जिद कमेटियों को कहीं मस्जिद के बाहर तो कहीं मस्जिदों की छतों पर टेंट लगाकर नमाज अदा करानी पड़ी।

वैसे तो मुसलमान रोजाना 5 वक्त की नमाज अदा करते हैं। इस नमाज में बस्ती के लोग पांच बार मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं। जुमे की नमाज सप्ताह में बार ओर खास मस्जिदों में ही आयोजित की जाती है। इसलिए इस नमाज में अधिक लोग एकत्रित होते हैं। जामा मस्जिदों में आयोजित होने वाली जुमे की नमाज में वह लोग भी नमाज अदा करने पहुंचते हैं जो रोजाना नमाज नहीं पढ़ते हैं। रमजान माह में तो यह संख्या लगभग दोगुनी हो जाती हैं। मस्जिदों में नमाजियों की संख्या बढ़ जाने से कई मस्जिदों में टेंट लगाने की जरुरत पड़ी। कई मस्जिदों की छत पर टेंट लगाकर नमाज अदा कराई। शहर में दो दर्जन से अधिक मस्जिदों में जुमा की नमाज़ अदा की गई जिनमें जामा मस्जिद सब्जी मंडी, जामा मस्जिद जमातखाना, मरस्ज़िद हम्मालान, मस्जिद खान सैयद किला, मस्जिद सेवइयांन, मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा आदि मस्जिदें प्रमुख है।



### नमाजियों के लिए पार्किंग व्यवस्था

एक ओर तो देश भर में सड़कों पर नमाज़ पढ़ने का विरोध हो रहा है वहीं शहर की कुछ मस्जिदें ऐसी भी हैं जिन्होंने नमाज़ पढ़ने आय नमाजियों के लिए पार्किंग व्यवस्था तक की। ऐसी मस्जिदों में जामा मस्जिद जमातखाना, बड़ा इमामबाड़ा, मेवातियान मस्जिद शामिल है। मछली मार्केट में स्थित जामा मस्जिद में वक्फ कमेटी जमातखाना ने मस्जिद ने जगह कम पड़ने पर मस्जिद के बाहर टेंट लगाकर नमाज पढ़वाई। इस दौरान कमेटी जमातखाना के भीतर मैरिज गार्डन में पार्किंग की व्यवस्था भी की ताकि नमाजियों को अपनी गाड़ियां सड़क पर खड़ी न करना पड़े।

# शहर के सुनियोजित विकास के लिए विकास प्रकोष्ठ का गठन, एडीएम होंगे नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा श्योपुर शहर के सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित विकास के लिए विकास प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टररूपेश उपाध्याय होगे। प्रकोष्ठ का संचालन शहरी विकस अभिकरण द्वारा किया जायेगा, जिसमें एडिशनल एसपी, एसडीएम, ईई पीब्डल्यूडी, ईई जल संसाधन, जिला परिवहन अधिकारी, सीएमओ श्योपुर, तहसीलदार श्योपुर को समिति में शामिल किया गया है।




कलेक्टर द्वारा सडक सुरक्षा, यातायात व्यवस्था में सुधार, पुनर्धनत्वीकरण योजना बनाने व उसका क्रियान्वयन कराने तथा पर्यवेक्षण करने, नगर में नवीन ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण, नये बस स्टैण्ड का निर्माण तथा अन्य विकास सम्बंधी योजनाओं के पर्यवेक्षण, अनुश्रवण तथा विजन डॉक्यूमेन्ट 2047 श्योपुर तैयार करने तथा अन्य अनुषांगिक कार्यों के लिए यह प्रकोष्ठ गठित किया गया है। यह प्रकोष्ठ जिले के नगरीय एवं नगर के आस-पास के क्षेत्र की शासकीय भूमियों का लैण्ड बैंक भी बनाकर रखेगा, जिससे भविष्य में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा भूमि की आवश्यकता होने पर इसी प्रकोष्ठ से सम्पर्क करना होगा। इस प्रकोष्ठ से भूमि चिन्हांकित किये जाने के पश्चात ही विभाग ऑनलाईन आवंटन हेतु आवेदन पेश कर सकेगें। ऐसे विभाग जिनके नये भवन बन गये है किन्तु फिर भी पुराने भवन एवं भूमि पर अधिपत्य किये हुये है, ऐसे विभाग जिनको भूमि आवंटित हुये दो वर्ष से अधिक समय हो गया है किन्तु अभी तक आवंटित भूमि का उपयोग नहीं किया गया है, ऐसे विभाग जिन्होंर्ने अधिक भूमि ले ली है किन्तु उपयोग कम भूमि का हो रहा है, ऐसे विभागों से भूमि वापस लेने की कार्यवाही भी प्रकोष्ठ के माध्यम से शुरू की जायेगी।

यह प्रकोष्ठ आवंटित ऐसी भूमि के सम्बंध में भी कार्यवाही करेगा, जहाँ भूमि का आवंटन किसी अन्य प्रयोजन के लिये किया गया था अब वह प्रयोजन समाप्त हो गया है अथवा भूमि का आवंटन से भिन्न प्रयोजन के लिये उपयोग किया जा रहा है।

यह प्रकोष्ठ ऐसे शासकीय प्रतिष्ठानों, गैरशासकीय प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करने के लिये भी अधिकृत होगा जिनके कारण नगर में भीडभाड बढती है, भारी वाहन प्रवेश करते है जिससे नगर में प्रदूषण बढ़ता है तथा यातायात पर दबाव बढ़ने से नगर में जाम के हालात बनते है।

# ढेंगदा के जंगल से दर्जनभर भैंसे और पडिया चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढेंगदा के जंगल से दर्जनभर के करीब भैसे और पडियां तब चोरी हो गई,जब उन्हें चरने के लिए जंगल में छोडा था। भैस मालिका के द्वारा इन भैसों की अपने स्तर पर खूब तलाश भी कर ली गई,लेकिन भैंसों का कोई अता पता नहीं चल सका है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने भैस चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम ढेंगदा निवासी प्रकाश गुर्जर पुत्र नैनाराम गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 13 भैसे जिनमें 6 भैस,7 पडिया शामिल है,जनवरी माह के दौरान तब चोरी हो गई,जब उन्हें जंगल में चरने के लिए छोडा था, हालांकि भैसों के जंगल में छोडने के कुछ बाद ही हम उन्हें लेने के लिए जंगल भी चल गए,लेकिन इसके पहले ही भैसों को केई भैस चोर चोरी करके ले गया।

## कूनो नदी पुल के नीचे मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**श्योपुर।** सेसईपूरा थाना क्षेत्र में कूनो नदी के पुल के नीचे शुक्रवार की सुबह एक 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही सेसईपुरा थाना पुलिस पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। सेसईपुरा थाना प्रभारी जेपीएस जादौन ने बताया कि नदी में मिले शव की पहचान सूरज उम्र 20 वर्ष पुत्र मनी आदिवासी निवासी ग्राम मोरावन के रूप में की गई। पीएम के बाद उसके शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### जिपं सीईओ ने बासेड, सेसईपुरा एवं कराहल का भ्रमण कर जानी हकीकत

# निरीक्षण करने पहुंची जिपं सीईओ, आश्रम अधीक्षक, सचिव और बीएमओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम बासेड एवं सेसईपुरा का निरीक्षण कर ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य योजनाओं का जायजा लिया गया। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने उपस्वास्थ्य केंद्र बांसेड का निरीक्षण किया तथा उपस्थित सीएचओ को एचपीवी वैक्सीनेशन एवं दस्तक अभियान में प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में 14 से 15 वर्ष आयुवर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीनेशन का कार्य पूर्ण किया जायें। कोई भी बालिका टीकाकरण से शेष न रहें।

ग्राम पंचायत सेसईपुरा में गौशाला के निरीक्षण के दौरान गौवंश की पर्याप्त संख्या नही पाये जाने पर गौशाला संचालक एवं सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि गौशालाओं का संचालन व्यवस्थित तरीके से किया जायें तथा गौशालाओं में गौवंश की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित की जायें।



इसी के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय सेसईपुरा के निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव एवं जीआरएस अनुपस्थित पाये गये तथा कार्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नही पाई गई, इसके चलते पंचायत सचिव को एक वेतनवृद्धि रोकने हेतु तथा जीआरएस को एक दिवस के लिए अवैतनिक करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। सेसईपुरा में आदिवासी बालक आश्रम के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति न्यूनतम पाये जाने तथा आश्रम परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नही मिलने सहित आश्रम संचालन में कमी मिलने पर संबंधित अधीक्षक को अधीक्षिकीय पद से हटाने और एक वेतनवृद्धि रोकने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल के औचक निरीक्षण के दौरान एचपीवी वैक्सीनेशन कार्य में प्रगति नही पाये जाने पर बीएमओ एवं बीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये।

### अध्यक्ष और पार्षदों के बीच नाराजगी बनी परेशानी

# शहर श्योपुर के बाद कस्बों में भी गड़बड़ाई साफ-सफाई व्यवस्था, परेशानी झेल रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर नगरपालिका परिषद की तरह ही विजयपुर नगर परिषद में भी अध्यक्ष के कारण व्यस्था भगवान भरोसे चल रही है। ज्ञात हो कि श्योपुर नपाध्यक्ष रेनू राठौर के पॉवर हाई कोर्ट ने शिथिल किए हुए हैं वहीं नगर परिषद विजयपुर के अध्यक्ष ओर पार्षदों के बीच बीते एक साल से बोल चाल नहीं होने से न तो परिषद की बैठक हो रही है और न किसी काम का अनुमोदन पीआईसी से हो रहा है।

नगर में साफ सफाई की व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई सफाई कर्मचारियों द्वारा एकत्रित किया जाने वाला कचरा कई दिनों तक उठाकर नहीं ले जाया जा रहा है कई जगह कचरा का निस्तारण जलाकर करने से प्रदूषण बढ़ रहा है बाजार में दुकानदारों को अपनी दुकानों के आगे खुद सफाई करते देखा जाना आम बात हो गई है। नालियों में रुके पानी को निकालने के लिए लोग खुद ही सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं पर प्रश्न यह उठ रहा है कि विजयपुर में नगर परिषद के पास पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मचारी होने के बावजूद वार्ड में सफाई क्यों नहीं है। उधर सीएमओ मनोज शर्मा नगर में सफाई नहीं होने की बात सिरे से खारिज कर रहे हैं अगर ऐसा है तो सफाई व्यवस्था करने का दावा कर रहे हैं अगर ऐसा है तो फिर दुकानदारों और लोगों को अपने घर मकानों के आगे सड़क ओर नालियां साफ क्यों करते दिखाई पड़ रहे है। उधर जनपद पंचायत श्योपुर के प्रेमसर कस्बे में भी साफ सफाई व्यवस्था औधे मुंह पडी हुई नजर आ रही है।



### बिन बैठक नहीं होगा नगर का विकास

किसी भी संस्था को चलाने के लिए उसके आए और व्यय का लेखा जोखा जरूरी होता है और यह लेखा जोखा सीए द्वारा तैयार किया जाता है। नगर परिषद में भी इस तरह का साल भर का आए और व्यय का लेखा जोखा तैयार करती है लेकिन स्वशासी संस्था होने के कारण इसकी स्वीकृति परिषद की बैठक में दी जाती है लेकिन परिषद में पार्षद अध्यक्ष से सहमत नहीं है जिसके चलते बैठक नहीं हो पा रही है एक साल बिना बैठक के निकल जाने के बाद दूसरा साल भी इसी तरह निकलता दिख रहा है अगर ऐसा हुआ तो लोग विकास कार्य को तरस जाएंगे प्रश्न है उठ रहा है कि जब परिषद कोई काम ही नहीं कर रही है सारे काम सीएमओ को अपने विशेष अधिकार से करने हैं तो परिषद में पार्षदों और अध्यक्ष के बने रहने का क्या उचित है।

### अध्यक्ष और पार्षदों की लड़ाई का

नगर परिषद विजयपुर में बीते 1 साल से अध्यक्ष और पार्षदों के बीच ऐसा विवाद चल रहा है कि विकास नाम की चिड़िया क्या होती है यह विजयपुर के नागरिक यह भूल ही गए हैं। वर्ष 2025-26 में बजट के लिए परिषद का साधारण सभा कोरम के अभाव में स्थगित करनी पड़ी जो दोबारा नहीं हो सकी। और अब 2026-27 का बजट निर्धारण के लिए बैठक बुलाई ही नहीं गई जिसके कारण एक साल से नगर परिषद में ना तो कोई सामान किया किया है न हीं निर्माण के लाइट कोई टेंडर लगाया है। इस साल भी कमोवेश वही हालात दोहराए जाने तय हैं। क्योंकि न तो पार्षद बैठक करने को तैयार हैं और न ही अध्यक्ष उन्हें मनाना नहीं चाहते।

### प्रेमसर में कीचड़ और गंदगी से पैदल चलना भी मुश्किल



श्योपुर-कोटा हाइवे पर स्थित प्रेमसर कस्बा भलेही ग्राम पंचायत मुख्यालय है,लेकिन इसके बाद यहां के मुख्य रास्तों की हालत काफी खराब बनी हुई है। कीचड और गंदगी के कारण लोगों का गांव के रास्तों पर बनी सीसी सडकों से पैदल चलना भी मुश्किल बना हुआ है। जिसकारण ग्रामीण परेशान हो रहे है। परेशान बने ग्रामीणों ने इन हालातों के लिए ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों को बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि कहने को गांव के रास्तों पर सीसी रोड बनी हुई है और पानी निकासी के लिए नालियां भी बनी हुई है। मगर नियमित साफ सफाई होने से पानी निकासी के लिए बनी नालियां कीचड से भर गई है। वहीं नल जल योजना के तहत कराई गए कार्य से सीसी सडकों की हालत भी बिगड गई है। जिसकारण गांव के अधिकांश रास्तों की हालत काफी बिगडी हुई नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बारे में ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों को भी कई बार अवगत करा दिया गया है,लेकिन इसके बाद भी स्थिति ढाक के तीन पात वाली बनी हुई है।

#### प्रतिदिन हो रही सफाई

अगर कहीं सफाई नहीं हो रही है तो मुझे बताओ में सफाई करवाता हूं। जबसे मैने ज्वाइनिंग दी है नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर रहा हूं। सफाई व्यवस्था प्रतिदिन हो रही है।

**मनोज शर्मा**
**सीएमओ नगर परिषद विजयपुर**

सड़क पर झाड़ू तो रोजाना लगता है लेकिन नालियों में से कचरा को बाहर नहीं निकाला जाता है सफाई कर्मचारी सड़क झाड़कर कचरा नालियों में डाल देते हैं जिससे नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहता है।

**छोटे खान**
**वार्ड 10 निवासी**

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर कपिल मेहता द्वारा जिला जेल श्योपुर का निरीक्षण सह विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता द्वारा जिला जेल की बैरकों वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, पाकशाला, टॉयलेट व लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। साथ ही बंदीजनों को उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराते हुये उन्हें विधिक सहायता एवं अपीलीय अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं उनके प्रकरणों के संबंध में भी विधिक चर्चा की गई। उक्त निरीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर के दौरान जेल अधीक्षक एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे।



## मानपुर में बिजली सब स्टेशन की स्वीकृति के लिए ऊर्जा मंत्री और एमडी से मिला प्रतिनिधि मंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर कस्बे और आसपास के गांवो में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मानपुर क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को भोपाल में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं विद्युत विभाग के एमडी से मुलाकात की। पूर्व विधायक चौहान ने बताया कि जैनी फीडर ओवरलोड होने के कारण मानपुर क्षेत्र के किसानो को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके लिए मानपुर क्षेत्र के लिए नवीन विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत किया जाये जिससे मानपुर और जैनी दोनों क्षेत्र के किसानो को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। मुलाकात के दौरान ऊर्जा मंत्री और एमडी द्वारा आश्वस्त किया गया है कि प्रस्ताव मंगवा लिया गया है। जल्द ही मानपुर क्षेत्र के लिए नवीन सब स्टेशन स्वीकृत किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष महावीर मित्तल, भानु शर्मा, लक्ष्मीनारायण आर्य सरपंच प्रतिनिधि, पुरुषोत्तम राठौर, नसरुद्दीन ख़ान, संजय शुक्ला, मातादीन माहौर, शिवशंकर प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### रामपुराडांग की 23 बीघा से अधिक भूमि शासकीय घोषित

**श्योपुर।** न्यायालय अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा तहसील श्योपुर अंतर्गत रामपुराडांग की 23 बीघा 16 बिस्वा भूमि को शासकीय घोषित किये जाने का आदेश पारित किया गया है। पारित आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी अभिलेख जांच शाखा द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन में तहसीलदार श्योपुर के प्रकरण क्रमांक 10/अ-86/93-94 आदेश दिनांक 01.07.94 से सलीम पुत्र जलालुद्दीन निवासी बगवाज के नाम ग्राम रामपुराडांग की भूमि सर्वे क्रमांक 30 रकबा 1.317हे. (06 बीघा 07 विस्वा) भूमि पर तथा न्यायालय नायब तहसीलदार वृत गोरस के प्रकरण क्रमांक 28/94-95/अ-86 में पारित आदेश दिनांक 29.11.95 द्वारा ग्राम रामपुराडांग की भूमि सर्वे क्रमांक 46मिन रकबा 07 बीघा 09 विस्वा, स.क्र.182मिन रकबा 01 बीघा 05 विस्वा कुल किता 02 कुल रकबा 08 बीघा 14 विस्वा भूमि पर सिराज पुत्र नन्हे खां निवासी ग्राम बगवाज एवं सर्वे नम्बर 182 मिन में से रकबा 03 बीघा 15 विस्वा एवं 182 मिन रकबा 05 बीघा कुल रकबा 08 बीघा 15 विस्वा भूमि पर सलमा पुत्री इस्लाममुद्दीन निवासी बगवाज के नाम अवैधानिक तरीके से प्राप्त किये गये 03 पट्टे निरस्त किये जाकर ग्राम रामपुराडांग तहसील श्योपुर की कुल 23 बीघा 16 विस्वा भूमि शासकीय घोषित की गई है।

## खबर संक्षेप

### गीता स्वाध्याय का होगा आयोजन

**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा रविवार को शाम चार बजे भोगीराम साहू के स्वनिवास यादव रायल सिटी गोपालपुरा के यहां आयोजित किया गया है। पहुंचने के लिए डीपी से चूने के निशान डले हुए मिलेंगे। आयोजक ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

### न्यायाधीश ने जिला जेल का निरीक्षण किया

**गुना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र द्वारा जिला जेल गुना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा बंदी बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों से चर्चा कर उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, अपील, मुलाकात संबंधी जानकारी एवं विधिक सहायता के संबंध में जानकारी ली गई। इसके साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला जेल में बंदियों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन, पीने के पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बंदियों के परिजनों से मुलाकात एवं बंदियों के प्रकरणों मे अपील संबंधी जानकारी भी ली जाकर जेल अधीक्षक जिला जेल को अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अवसर पर जेल में निरूद्ध बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदाय की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता योजना, लीगल एड डिफेंस कांउसेल सिस्टम, प्ली बारगेनिंग एवं समय समय पर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशो के संबंध में भी जानकारी दी जाकर लाभांवित किया । उक्त निरीक्षण मे मधुलिका मुले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुना, वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना, सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित जेल अधीक्षक एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

### नाबालिग का अपहरण आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र से नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को रायसेन जिले से सुरक्षित बरामद कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार 25 फरवरी 2026 को एक महिला ने अपनी 14 वर्षीय पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट मधुसूदनगढ़ थाने में दर्ज कराई थी। मामले में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने बालिका की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 4 मार्च को पुलिस ने बालिका को रायसेन जिले के उदयपुरा थाना क्षेत्र से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी राजनारायण यादव निवासी ग्राम बरखेड़ी राम के खिलाफ धारा 65(1) बीएनएस और 3/4 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में की गई।

### पीजी कॉलेज में साइबर व यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम हुआ

# दूसरों के हित से बड़ा कोई धर्म नहीं होता- डॉ. रेखा बरेठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पीजी कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत साइबर सुरक्षा एवं यातायात सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया एवं मुख्य वक्ता जयसिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ. रेखा बरेठिया ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में हमें अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ-साथ जनहित का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए।

उन्होंने भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई अर्थात दूसरों के हित से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छोटी बजरिया चौकी प्रभारी एसआई एवं जय सिंह ने साइबर फ्रॉड के विभिन्न प्रचलित तरीकों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आजकल ऑनलाइन ठगी के कई नए तरीके सामने आ रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, फोटो और वीडियो साझा करने से बचने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें और नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं।



इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छह विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुक्ति मलिक ने प्रथम स्थान, सोहनी प्रजापति ने द्वितीय स्थान तथा विनीता पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह परिहार, डॉ. एमएल सोनी, वंदना चौबे, उमेश यादव, प्रीति देशभ्रतार, वंदना जाटव, अनिरुद्ध पटेल, श्याम बाबू अहिरवार, संतोष सोनी, मोहम्मद यूनुस सहित कॉलेज स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद रफीक शेख तथा आभार डॉ. नीलम सिंह ने माना।

### हमें सदैव सकारात्मक जीवन शैली अपनाकर सरल रास्ते पर चलना चाहिए- डॉ रश्मि

बीना। गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण के लिए आत्महत्या रोकथाम, जीवन कौशल, आशावादी दृष्टिकोण विषयों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ रश्मि जैन ने कहा कि आत्महत्या एक जटिल समस्या है जो कि मनुष्य को जीवन में आई अचानक परिस्थितियों जिनका मनुष्य सामना करने के लिए तैयार नहीं रहता है ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं तो मनुष्य निराश, हताश हो जाता है और आत्महत्या जैसे घृणित कार्य को कर लेता है। मुख्यतः मनुष्य मानसिक तनाव, असफलता, अकेलापन, नशा एवं गंभीर बीमारियों के चलते आत्महत्या की ओर प्रेरित होता है। हमें सदैव सकारात्मक जीवन शैली अपनाकर सीधे वह सरल रास्ते पर चलना चाहिए। नोडल अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि आत्महत्या एक सामाजिक अपराध है। आत्महत्या व्यक्ति के द्वारा लिया गया व्यक्तिगत निर्णय है और इस निर्णय को व्यक्ति सामाजिक परिस्थितियों से प्रभावित होकर लेता है। इसलिए समाज की सोच में भी बदलाव लाने की आवश्यकता है। आत्महत्या का विचार एक गंभीर लक्षण है। जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है इसका इलाज संभव है और सही सहायता के साथ व्यक्ति ठीक हो सकते हैं, संतुष्ट जीवन जी सकते हैं। कॉलेज समस्त शिक्षक काउंसिलरों ने इस गंभीर विषय के माध्यम से अपने-अपने विद्यार्थियों की काउंसलिंग की। शिक्षक काउंसलरों में प्रकाश चंद, सत्यम कुर्मी, डॉक्टर दिनेश राय, डॉक्टर हरिशंकर सेन, डॉ विशाल मिश्रा, यशवंत शर्मा, डॉक्टर अमन आर्य, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, आरती ठाकुर, डॉक्टर कृतिका रत्नाकर, राजीव लोधी, अरुण उपाध्याय, कीर्ति ठाकुर, मनीता राजपूत एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### मंडल रेल प्रबंधक ने निरीक्षण किया

## बीना, सेमरखेड़ी और मूंगावली स्टेशनों पर स्वच्छता व संरक्षा का अवलोकन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने रानी कमलापति से अशोकनगर स्टेशन तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड की संरचना, ट्रैक की स्थिति, सिग्नलिंग प्रणाली, क्रॉसिंग्स एवं सेफ्टी संबंधित अवसंरचनाओं का अवलोकन किया। वहीं बीना स्टेशन पर उन्होंने प्लेटफॉर्म विस्तार, वेटिंग हॉल, शौचालय, पेयजल सुविधा, फुट ओवर ब्रिज और अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। सेमरखेड़ी एवं मूंगावली स्टेशन निरीक्षण के दौरान डीआरएम त्यागी ने स्टेशन पर विशेष रूप से संरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म किनारे सुरक्षा संकेतों, फाटक संचालन, पॉइंट्स एवं सिग्नल इंटरलॉकिंग की स्थिति की बारीकी से जांच की। स्टेशन यार्ड एवं सिग्नलिंग के संरक्षा उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। सेमरखेड़ी-गुनेरू स्टेशनों के बीच समपार फाटक संख्या 17 पर संरक्षा पहलुओं की जांच की एवं गेटमेन से संवाद कर संरक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अशोकनगर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेशन को यात्री सुविधा की दृष्टि से और अधिक उन्नत बनाया जाए। साथ ही सुरक्षा से संबंधित इंटरलॉकिंग सिस्टम, पॉइंट्स और क्रॉसिंग्स की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्धता, गुणवत्ता एवं यात्री हित को सर्वोपरि मानते हुए सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्याम सिंह बरेड़िया, मंडल इंजीनियर (उत्तर) श्याम नागर सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं पर्यवेक्षकगण उपस्थित रहे।

## सेवा भारती गुना की बैठक संपन्न नई कार्यकारिणी की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सेवा भारती गुना की महत्वपूर्ण बैठक सेवा भारती के अन्नपूर्णा भोजनालय में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नर सेवा नारायण को मूल मे रखते हुये सेवा कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में सेवा भारती द्वारा संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों की समीक्षा करते हुए उन्हें और अधिक प्रभावी तथा व्यापक बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सेवा कार्यों को और तेज गति से पहुँचाने के लिए संगठनात्मक विस्तार पर भी जोर दिया। इस अवसर पर विभाग संघचालक अशोक सिंह



कुशवाह ने सेवा भारती गुना जिले की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में श्री नर्मदा शंकर भार्गव को जिला अध्यक्ष, डॉ. मनोज रघुवंशी को जिला सचिव, अखिलेश विजयवर्गीय एवं पवन राठौर को उपाध्यक्ष, विजय श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही दिनेश जाटव, संगीता भाटी तथा श्वेता जैन को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व प्रदान किया गया। बैठक में सेवा कार्यों के विस्तार के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी, विभाग समन्वयक प्रमोद यादव तथा नरेन्द्र सिंह सेंगर की गरिमामयी उपस्थिति

## नपाध्यक्ष ने सफाई मित्रों के साथ मनाया भाईदूज का पर्व

**बीना।** नपाध्यक्ष ने सामाजिक समरसता और सम्मान की भावना को बढ़ावा देते हुए सफाई मित्रों के साथ भाईदूज का पर्व बड़े ही स्नेह और अपनत्व के साथ मनाया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष लता सकवार ने सभी सफाई मित्रों का तिलक कर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके परिश्रम और समर्पण के बिना स्वच्छता अभियान सफल नहीं हो सकता। उन्होंने सभी सफाई मित्रों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सभी सफाई मित्रों ने भी मिलकर भाईदूज के इस पावन पर्व पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता का संदेश दिया।



## कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

होली के पावन पर्व के अवसर पर श्रीबालाजी सेवा समिति ट्रस्ट उदासी आश्रम मंदिर द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति भाव के साथ भाग लिया।प्रातः 10 बजे मंदिर घाट से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सिर पर कलश धारण किए महिलाएं एवं श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए कथा स्थल तक पहुंचे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के अवसर पर उदासी आश्रम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा



का आयोजन 6 मार्च से 13 मार्च 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।कथा के प्रवक्ता आचार्य पं. सौरभ भार्गव द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजन समिति श्रीबालाजी सेवा समिति ट्रस्ट एवं समस्त भक्तगणों ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु पंजीयन की तिथि 10 मार्च तक बढ़ाई गई

गुना। मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है।पहले गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 मार्च 2026 कर दिया गया है।किसानों से अपील की गयी है कि वे अपने नजदीकी केंद्र पहुँचकर निर्धारित समयावधि के भीतर अपना गेहूं विक्रय पंजीयन अवश्य करा लें, ताकि समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का लाभ प्राप्त किया जा सके।राज्य सरकार किसानों की सुविधा और हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्णय ले रही है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ मिल सके।

### पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, भौतिक एवं वित्तीय स्थिति तथा फील्ड स्तर पर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे सहित जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने "एक बगिया मां के नाम" अभियान को जनभागीदारी से आगे

## मृत बेटी की तस्वीर के साथ न्याय की गुहार लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे माता-पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक मार्मिक मामला सामने आया है, जहां कथित धोखे और लगातार धमकियों से परेशान होकर एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अब बेटी को न्याय दिलाने के लिए उसके माता-पिता उसकी तस्वीर लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

मृतका के पिता राजू शिवहरे ने बताया कि उनकी बेटी मुस्कान शिवहरे को म्याना निवासी अभिषेक शर्मा पिछले करीब चार वर्षों से शादी का झांसा देकर बहला रहा था। इसी भरोसे में उसने कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाए। जब मुस्कान ने विवाह की बात कही तो युवक ने साफ इंकार कर दिया और बताया कि उसकी कहीं और सगाई हो चुकी है। पिता का आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी युवती को लगातार धमकाता रहा और उसके निजी फोटो वायरल करने की बात कहकर दबाव बनाता था। परिजनों के अनुसार आरोपी की प्रताडऩा से मुस्कान मानसिक रूप से बेहद परेशान रहने लगी थी। उसने यह बातें अपनी बड़ी बहन को भी बताई थीं और परिवार ने युवक को समझाने की कोशिश भी की, लेकिन वह नहीं माना। आरोप है कि युवक ने युवती से यहां तक कह दिया था कि यदि उसने आत्महत्या नहीं की तो वह उसके फोटो वायरल कर देगा। इसी मानसिक दबाव और अपमान के डर से मुस्कान ने 23 फरवरी को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मुस्कान की मौत के बाद म्याना थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। परिजनों का कहना है कि उन्होंने युवती का मोबाइल फोन भी पुलिस को सौंप दिया, लेकिन अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिवार का आरोप है कि पुलिस की ओर से मामले में ढिलाई बरती जा रही है और एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसी को लेकर मंगलवार को मुस्कान के माता-पिता और परिजन उसकी तस्वीर लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने मांग की कि आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि उनकी बेटी को न्याय मिल सके।

### गुना पुलिस लाइन में पुलिस का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ

# खाकी पर चढ़ा होली का रंग, पुलिस लाइन में उड़ा रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के मार्गदर्शन में गुना पुलिस लाईन में 5 मार्च को प्रातः होली मिलन समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, एसडीएम शिवानी पाण्डेय, डीएसपी मुख्यालय शजमीलउद्दीन सिद्दीकी, एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय सहित जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों व



कर्मचारियों द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुये हर्षोल्लास से होली खेली गयी । त्यौहार कोई भी हो पुलिस के सामने उन्हें शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना हमेशा चुनौती रहती है । इसी के चलते रंगों के त्यौहार इस होली पर्व पर जिले में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मुस्तैदी का ही परिणाम रहा कि गुना शहर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में आमजन के द्वारा होली का पर्व पूरे उमंग, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस दौरान कहीं कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी, न ही कोई गंभीर घटना घटित हुई ।

जब सभी लोग अपने अपने त्योहार अपने घर और परिवार के बीच मनाते हैं तब पुलिस उनकी सुरक्षा मे तैनात रहती है, सुरक्षा व्यवस्था में लगे होने से पुलिस बल के होली का त्योहार नहीं मना पाने से गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा दिनांक 5 मार्च को पुलिस लाइन में जिले के समस्त पुलिस फोर्स के लिये होली मिलन समारोह आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये।

### यूपीएससी में गुना का दबदबा: देवांगी मीणा और नीरज निश्चल बने आईएएस

गुना। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सर्विसेज परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित होने के बाद गुना जिले में खुशियों का माहौल है। कुंभराज की देवांगी मीणा ने 236वीं रैंक और जिले के एसडीओ फॉरेस्ट नीरज निश्चल ने 241वीं रैंक हासिल कर आईएएस अधिकारी बनने की सफलता प्राप्त की।देवांगी मीणा ने पिछले वर्ष आईआरएस के लिए चयनित होने के बावजूद पढ़ाई



जारी रखी और इस बार बड़ी सफलता पाई। वहीं नीरज निश्चल, जो 2022 में आईएफएस में थे, अब प्रशासनिक सेवा में अपना करियर आगे बढ़ाएंगे। जिले में दोनों होनहारों की उपलब्धि पर हर्ष का माहौल है।